दिन– मंगलवार दिनांक– 17 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

बिहार विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही सुचारू रूप से चल रही है। विधानसभा की कार्यवाही आज हंगामे के बीच शुरू हुयी। प्रश्नोत्तर काल में स्वर्गीय रामविलास पासवान के कथित अपमान के मुद्दे को लेकर लोजपा, रामविलास और राजद सदस्यों के बीच तीखी नोंक–झोंक हुई। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार के हस्तक्षेप के बाद हंगामा शांत हुआ और प्रश्नोत्तर काल पूरा किया गया। इस दौरान सदस्यों ने शिक्षा विभाग से जुड़े कई सवाल किए। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि शीघ्रही विभाग के अंतर्गत पैंतालीस हजार परीचारियों की नियुक्ति की जाएगी। वहीं, शिक्षा मंत्री ने विद्यालयों में दिये जाने वाले मध्याह्न भोजन को लेकर सदन को आश्वस्त किया कि छात्रों को गुणत्तापूर्ण और गर्म खाना परोसा जाए, इसकी व्यवस्था सुनिशिचित की गयी है। उन्होंने कहा कि रसोईयों के हित का भी पूरा ख्याल रखा जाएगा।

———————————————————

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट – दो हजार छब्बीस का आयोजन नई दिल्ली में किया जा रहा है। आज समिट का दूसरा दिन है। इस बीच, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भारत मंडपम में आयोजित बिहार पवेलियन का दौरा किया। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य नवाचार और भविष्योन्मुख नीतियों के जरिए पूर्वी भारत के उभरते आईटी और एआई हब के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर सूचना प्रावैधिकी मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि उन्नत तकनीकों को अपनाने से इन क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं।

———————————————————

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज जयपुर में एक कार्यक्रम के दौरान किसानों के लिए डिजिटल प्लेटफार्म **भारत विस्तार** का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य किसानों को स्मार्ट, सशक्त और सूचना–समृद्ध बनाना है।

इस प्लेटफार्म के माध्यम से किसान अपने मोबाइल फोन से एक ही कॉल में सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री ने इसे कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि इस पहल से किसानों को फसल आधारित वैज्ञानिक सलाह, मंडी मूल्य और मौसम संबंधी जानकारी मिलेगी।

———————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा आज से शुरू हो गयी। अब से थोड़ी देर पहले पहली पाली की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गयी। इस समय दूसरी पाली की परीक्षा चल रही है। परीक्षा का आयोजन पच्चीस फरवरी तक किया जायेगा। बोर्ड की सूचना के अनुसार इस वर्ष परीक्षा में पन्द्रह लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। इनमें सात लाख पचासी हजार सात सौ छब्बीस छात्राएं हैं। बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा के लिए प्रदेशभर में कुल एक हजार छह सौ निन्यानवे केन्द्र बनाये गये हैं। इनमें से एक सौ बावन केन्द्र को मॉडल केन्द्र बनाया गया है। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन की ओर से व्यापक व्यवस्था की गयी है। वहीं, केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के प्रबंध किये गये हैं। इधर, प्रदेश में विभिन्न केंद्रों पर सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं भी आज से शुरू हो गई है।

———————————————————

भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की अड़तीसवीं पुण्य तिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। पटना के जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और कृषि मंत्री रामकृपाल यादव समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने जननायक को श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर, जननायक के पैतृक गांव समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं और अन्य गणमान्य लोगों ने जननायक की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राजद की ओर से भी पटना में जननायक की स्मृति में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————

रोहतास जिले के सोहसा में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या– तीन सौ उन्नीस पर शैक्षणिक परिभ्रमण पर जा रही एक स्कूल बस की ट्रक से भीषण टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बस पर सवार दो शिक्षकों की मौत हो गयी।

——————————————————————

भागलपुर समाहरणालय परिसर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। जांच पड़ताल जारी है।

——————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।